उपरोक्त संविदा मानदेय राशि व्याख्याता/प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पद हेतु 38100=00, शिक्षक/प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पद हेतु 35400=00 एवं सहायक शिक्षक/प्रयोगशाला सहायक/ग्रंथपाल पद हेतु 25300=00 तथा प्री–प्राईमरी टीचर पद हेतु 15000=00 रूपये (मासिक एकमुश्त) देय होगा।
अभ्यर्थी निचे दिये गये निर्देशों का अवलोकन कर ही आवेदन करें।

विज्ञापित पदों हेतु आवेदन के लिये लिंक निम्नानुसार हैं :–

1. **व्याख्याता पद हेतुः–** https://tinyurl.com/ze7nscsv
2. **प्रधान पाठक माध्यमिक खण्ड पद हेतुः–** https://tinyurl.com/azm4ap9m
3. **प्रधान पाठक प्राथमिक खण्ड पद हेतुः–** https://tinyurl.com/y3eyxr6j
4. **शिक्षक/व्यायाम शिक्षक/कम्प्यूटर शिक्षक पद हेतुः–** https://tinyurl.com/2hrkfxk8
5. **ग्रंथपाल पद हेतुः–** https://tinyurl.com/bp7xzx5k
6. **सहायक शिक्षक पद हेतुः–** https://tinyurl.com/3mjtxayb
7. **प्रयोगशाला सहायक पद हेतुः–** https://tinyurl.com/mtcf628p
8. **प्री–प्राईमरी टीचर पद हेतुः–** https://tinyurl.com/3fjvcduk

चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्तें निम्नानुसार हैं:–

1. विज्ञापित पदों के आधार पर योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा आनलाईन गूगल फॉम में अपने मूल अंकसूची अनुसार कक्षा 12 वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर का प्रतिशत अंकित करना होगा।
2. प्रत्येक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की समिति पृथक–पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक–पृथक आरक्षण लागू होगा। एक अभ्यर्थी एक ही पद हेतु आवेदन कर सकते हैं।
3. मेरीट सूची निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर जारी होगाः– **अ**– व्याख्याता/प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पद हेतु कक्षा 12 वीं का 40 प्रतिशत + स्नातक का 20 प्रतिशत + स्नाकोत्तर का 20 प्रतिशत+ अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत। **ब**– शिक्षक/व्यायाम शिक्षक/कम्प्यूटर शिक्षक/प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हेतु कक्षा 12 वीं का 60 प्रतिशत + स्नातक का 20 प्रतिशत + अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत। **स**– सहायक शिक्षक/ग्रंथपाल/प्रयोगशाला सहायक/ग्रंथपाल/प्री–प्राईमरी टीचर हेतु कक्षा 12 वीं का 80 प्रतिशत + अध्यापन कार्य में अनुभव 1 वर्ष के विरूद्ध 4 प्रतिशत एवं 5 वर्ष या उससे अधिक की स्थिति में 20 प्रतिशत।
4. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 में निहित प्रावधानों के अधीन रहेगी।
5. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यता ही मान्य होगी।
6. अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
7. दस्तावेज सत्यापन के दौरान सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ लेकर आना अनिवार्य है।
8. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिये। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2025 कि स्थिति में की जाएगी। उम्र में शासन के निर्धारित नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का प्रावधान होगा।
9. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
10. चयन के संबंध में चयन समिति के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
11. भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
12. अन्य पिछड़ावर्ग के आरक्षित पदों पर केवल **NON CREAMY LAYER** अभ्यर्थी ही मान्य होंगे। जिसके लिये सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार होना अनिवार्य होगाः–

1. अभ्यर्थियों की सम्पूर्ण स्कूली शिक्षा **(माध्यमिक स्तर से अंत तक)** केवल अंग्रेजी माध्यम से (व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत पद को छोड़कर) ही हुई हो। अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जावेगा।

निरंतर...............